# HALF YEARLY EXAMINATION, 2024-25

## HINDI

**Time – 3:00 Hrs.** **Class – IV** **M.M. : 80**

**Date – ________________**

**Name of the student ____________________________________________Section _____**

**निर्देश – 1. सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है | 2. उत्तर स्पष्ट एवं सुंदर लिखावट में पूर्ण कीजिए |**

### खंड (अ)

**प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए ।**

बाबा भारती के पास एक घोड़ा था । घोड़ा बहुत बलवान था। वह बहुत तेज़ दौड़ता था । उसके जैसा घोड़ा पूरे इलाके में नहीं था । खड्गसिंह नामक डाकू ने उस घोड़े के बारे में सुना। उसके मन में उस घोड़े को पाने की इच्छा जाग उठी । उसने उस घोड़े को प्राप्त करने की योजना बनाई । एक दिन खड्गसिंह राह में अपाहिज का वेश बनाकर बैठ गया । जब बाबा भारती अपने घोड़े पर सवार होकर वहाँ से गुजरे, तो उसने उनसे मदद की प्रार्थना की । बाबा भारती को अपाहिज पर तरस आ गया । उन्होंने उसे सहारा देकर घोड़े पर बैठा लिया । अचानक अपाहिज बने खड्गसिंह ने बाबा भारती को धक्का देकर घोड़े से गिरा दिया और घोड़ा लेकर भाग निकला । **(1×5=5)**

i. बाबा भारती के पास क्या था ?

(अ ) हाथी (ब) बैल (स) घोड़ा (द) गधा

ii. बाबा भारती का घोड़ा ___________ था ।

(अ) बलवान (ब) कमज़ोर (स) शरारती (द) छोटा

iii. खड्गसिंह एक ___________ था ।

(अ) शिक्षक (ब) डाकू (स) गायक (द) खिलाड़ी

iv. अपाहिज का वेश किसने बनाया ?

(अ) बाबा भारती ने (ब) खड्गसिंह ने (स) जय भारती ने (द) मदन सिंह ने

v. बाबा भारती ने किसकी मदद की ?

(अ) बच्चे की (ब) अपाहिज की (स) चिड़िया की (द) भिखारी की

**प्र.2 (क) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । (1×2=2)**

1) बीरबल ने तुरंत अपनी _______ ज़मीन पर गड़ा दी ।

2) शुरू – शुरू में पापा _______ बनना चाहते थे ।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए । (1×4=4)**

1) पापा बच्चों को मुफ़्त में क्या खिलाना चाहते थे?

2) बच्चे चंदा एकत्रित करके क्या खरीदना चाहते थे?

3) नसीरुद्दीन अपने दोस्त जमाल साहब को किससे मिलवाने ले गए ?

4) 'नाव बनाओ नाव बनाओ' कविता के कवि कौन हैं?

**(ग) निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर सही या गलत का निशान लगाइए ।** **(1×2=2)**

1) अकबर ने दूसरा सवाल पूछा, "आसमान में कितने पंछी हैं?"

2) गड्ढे के ऊपर ही एक चमचमाती किरमिच की गेंद पड़ी थी ।

**प्र.3 (क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (20–30 शब्दों में) (3×2=6)**

1) कुछ दरबारी बीरबल से क्यों जलते थे?

2) दीपक ने गेंद को अपना बताने के लिए उसके बारे में कौन- सी तीन बातें बताई?

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **(4×3=12)**

1) पापा ने जितने भी काम सोचे उनमें से आपको सबसे दिलचस्प काम कौन – सा लगता है? यह भी बताइए कि वह काम आपको क्यों अच्छा लगता है ? **(30–40 शब्दों में)**

2) मिलती-जुलती आवाज़ वाले शब्दों से वाक्य बनाइए ताकि उसके दो अलग – अलग अर्थ पता चले ।

i) झूठा – जूठा

ii) सजा – सज़ा

3) जब बरसात होती है तो आपके घर के आसपास का दृश्य कैसा हो जाता है और आप क्या करते हैं? **(30–40 शब्दों में)**

## खंड (ब) – व्याकरण

**प्र.4 सही विकल्प चुनकर लिखिए ।** **(1×5=5)**

1) 'कवि 'शब्द का स्त्रीलिंग शब्द है –

(अ) कवित्री (ब) कवयित्री (स) कवीयीत्री (द) कबीयित्रि

2) निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

(अ) ये (ब) वह (स) था (द) है

3) 'उदय 'शब्द का विलोम है –

(अ) पाताल (ब) उठना (स) अस्त (द) उगाना

4) 'लेखक 'का स्त्रीलिंग शब्द है-

(अ) लेखका (ब) गायिका (स) लेखिका (द) महोदया

5) 'व्यक्तिवाचक संज्ञा' शब्द है –

(अ) सीता (ब) भाई (स) क्रोध (द) बहन

**प्र.5 रिक्त स्थान में सही शब्द लिखिए ।** **(1×5=5)**

1) स्कूल के सभी .............कल पिकनिक पर जाएँगे । (बच्चे/बच्चा )

2) कक्षा में राम का काम हमेशा **पूर्ण** और सोहन का काम .........रहता है । (**पूर्ण** का विलोम शब्द लिखिए)

3) 'बच्चा' का भाववाचक संज्ञा शब्द ............. है । (बच्चे / बचपन )

4) बाग में कुछ .........लगे हैं । (पौधा / पौधे)

5) हमें हमेशा .............बोलना चाहिए । (सत्य / असत्य)

**प्र.6 (क) दिए गए रेखांकित शब्दों के लिंग बताइए । (स्त्रीलिंग / पुल्लिंग) (1×6=6)**

1) **<u>बकरा</u>** घास खा रहा है ।..........

2) **<u>अध्यापिका</u>** पढ़ा रही हैं ।............

3) **<u>मालिक</u>** बाज़ार चले गए ।..............

4) **<u>दादी</u>** पढ़ने में मेरी मदद करती हैं ।..........

**(ख)** 1) **नीचे दिए गए शब्दों को ध्यान से पढ़कर वचन के संदर्भ में सबसे अलग शब्द को चुनकर लिखिए ।**

कविताएँ, गुब्बारे, मिठाइयाँ, लड़का ।

2) 'नदियाँ' शब्द का एकवचन शब्द .............होगा ।

**प्र.7 दिए गए निर्देशानुसार प्रश्न हल कीजिए । (2×3=6)**

(1) गीता की माता जी **<u>गीता</u>** के लिए एक सुंदर खिलौना लेकर आईं । **<u>गीता</u>** उससे खेलने लगी। **(रेखांकित संज्ञा शब्द के स्थान पर सर्वनाम शब्द का प्रयोग करके वाक्य फिर से लिखिए।)**

(2) विशेषण शब्द ___________ और ___________ की विशेषता बताते हैं। **(खाली स्थान में सही शब्द भरकर वाक्य पूर्ण करके पुनः लिखिए)**

(3) **दिए गए शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।**

मित्र – ................ ..............

घर – ................ ..............

**प्र.8 (क) रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए । (1×3=3)**

1) **<u>लड़का</u>** खेल रहा है ।

2) जन्मदिन पर शीला को **<u>गुड़िया</u>** मिली ।

3) मम्मी **<u>साड़ी</u>** खरीदकर लाई ।

**(ख) दिए गए सर्वनाम शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए । (1×3=3)**

1) मेरा – 2) उसकी – 3) आप –

**(ग) खाली स्थान में उचित विशेषण शब्द भरिए । (1×3=3)**

1) दवाई ............ है ।

2) मैदान में ......... घास लगी हुई है ।

3) मेरे घर के सामने ............पहाड़ है ।

**(घ) पर्यायवाची शब्दों के सही जोड़ी का मिलान कीजिए। (1×3=3)**

| **(अ)** | **(ब)** |
|---|---|
| 1. नारी | क) धरा, भूमि, भू |
| 2. माता | ख) औरत, स्त्री, महिला |
| 3. पृथ्वी | ग) जननी, माँ, अंबा |
| 4. रात | घ) गज, कुंजर, हस्ती |
| 5. हवा | ड.) निशा, रजनी, रात्रि |
| 6. हाथी | च) पवन, वायु, समीर |


**(ड) दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । (1×3=3)**

1. न्याय – 2. देशी – 3. नया –

**खंड (स)**

**प्र.9 सहायक शब्दों द्वारा दिए गए चित्र का वर्णन 50 से 60 शब्दों में कीजिए ।** **(6)**

| बच्चे, पेड़, झूला, घोंसला, चिड़िया, रस्सी, दादा जी, हरियाली, कसरत, सुंदर |
| --- |



**प्र.10 किसी <u>एक विषय</u> पर पत्र लिखिए ।** **(6)**

(क) **चित्रकला प्रतियोगिता** में प्रथम आने पर अपने भाई / बहन को पत्र लिखकर बधाई दीजिए।

**अथवा**

(ख) **कविता पाठ प्रतियोगिता** में प्रथम आने पर अपने मित्र / सखी को पत्र लिखकर बधाई दीजिए ।